दिनांक 1 मार्च 2021 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

आज हुआ मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 1 मार्च से 9 मार्च तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज सभी वार्ड क्षेत्र के नियत स्थानों में किया गया! प्रकाशन होने के बाद मतदाता सूची का अवलोकन निगम क्षेत्र के रहवासी कर सकते हैं! तैयार मतदाता सूची में नाम नहीं होने, संशोधन कराने, विलोपन कराने इत्यादि के संबंध में दावा-आपत्ती कर सकते हैं! दावा-आपत्ती की अंतिम तारीख 9 मार्च को अपरान्ह 3:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है! 1 मार्च से 9 मार्च तक दावा आपत्ति किया जा सकता है! प्राधिकृत अधिकारी 10:30 से 5:30 तक वार्ड के निर्धारित स्थानों में उपस्थित रहेंगे! निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 26 मार्च 2021 को किया जाएगा! भिलाई निगम से प्राधिकृत अधिकारियों को प्रारूप क , ख, ग, एवं क-1 उपलब्ध करा दिया गया है! मतदाता सूची का अवलोकन करने के लिए वार्ड में मतदाता पहुंच रहे हैं! 2 मार्च को होगा भिलाई निगम के वार्डों का आरक्षण नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डो का आरक्षण 2 मार्च को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा! वार्ड आरक्षण की कार्यवाही में जनप्रतिनिधि सम्मिलित हो सकते हैं!